**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार**
**परिवहन विभाग**
**5/9, अंडर हिल रोड़, दिल्ली–110054**

सं एफ19(04)/परि0वि0/सचि0 शा0/2019/112627 दिनांक– 17.12.2023

सेवा में,

उप–सचिव(प्रश्न),
दिल्ली विधान सभा सचिवालय,
पुराना सचिवालय, दिल्ली–110054

**विषय– दिनांक 18.12.2023 को सदन की बैठक में जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 79**

महोदय,

विधान सभा के पत्र के संदर्भ में उपरोक्त प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियाँ संलग्न हैं।

यह माननीय परिवहन मंत्री के पूर्व अनुमोदन से जारी हुआ है।

आर० रामानाथन

(आर0 रामानाथन)
उपायुक्त(सचि0)
R. RAMANATHAN
Deputy Commissioner

Scanned with OKEN Scanner

विभाग का नाम – परिवहन विभाग, दिल्ली सरकार

विभाग का पता – 5/9, अंडर हिल रोड, दिल्ली – 110054

अतारांकित प्रश्न संख्या 79

सदस्य का नाम – श्री अब्दुल रहमान

दिनांक – 18/12/2023

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

| क. सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क) | क्या यह सत्य है कि अलकनदा में अरावली अपार्टमेंट के सामने डीटीसी का कोई बस डिपो है; | जी नहीं । अलकनदा में अरावली अपार्टमेंट के पास दिल्ली परिवहन निगम "डीटीसी0" और कलस्टर के अधिकार क्षेत्र में कोई बस डिपो नहीं है। सार्वजनिक सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शिफ्ट के अनिवार्य आराम के दौरान बसों को अस्थाई रूप से अरावली अपार्टमेंट के पास पार्क किया जाता है क्योंकि इन बसों का रूट इसी स्थान से आरंभ होता है । यह व्यवस्था लगभग 20 वर्षों से ज्यादा समय से चली आ रही है । आम जनता को भी यही जानकारी है कि दिल्ली में जिस जगह पर डी.टी.सी./परिवहन विभाग के पास पर्याप्त भूमि नहीं है वहाँ पर इस प्रकार की व्यवस्था है जैसे– कापसहेडा, तिलक नगर, बदरपुर बॉर्डर, आजादपुर आदि । |
| ख) | यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें; | |
| ग) | क्या वहा पर दर्जनों डीटीसी बसों का खड़े होना और डिपो की तरह इस्तेमाल होना न्यायसंगत है; | |
| घ) | क्या वहा पर इस तरह से डिपो की तरह इस्तेमाल करने के लिये संबंधित अथॉरिटी से अनुमति ली गयी है; और | दिल्ली परिवहन विभाग और दिल्ली परिवहन निगम, दिल्ली में परिचालन योग्य सड़क मार्ग उपलब्ध होने पर जनहित में कोई भी रूट चलाने के लिए सक्षम है । |
| ङ) | यदि हाँ, तो सभी अनुमतियों की प्रति उपलब्ध कराई जाये? | उपरोक्तानुसार |

इसकी स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त कर ली गई है।

(आशीष कुन्द्रा)
प्रमुख सचिव सह आयुक्त (परिवहन)
विभागाध्यक्ष

Scanned with CamScanner
Scanned with OKEN Scanner